जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-31 जयपुर, सोमवार, 18 अगस्त, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## वस्त्र कथा-2025: राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर दिखा खादी का जलवा



**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दिल्ली में वस्त्र कथा-2025 का आयोजन किया गया जिसमें हथकरघा और खादी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस को त्यौहार की तरह मनाने की अपील की और स्वदेशी कपड़ों को अपनाने का आह्वान किया। डिजाइनरों को खादी को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं।

इस दौरान आयोजित रैंप वाक अनूठा था। इसमें खादी की सादगी तो हथकरघा की भव्यता थी। युवाओं के साथ विदेशी राजनयिक साड़ी, कुर्ता, धोती व लहंगा शूट की रंगीनियत के साथ परिधानों की सादगी देख चकित थे। वस्त्र कथा-2025 के उत्सव में दिल्ली वालों ने देश की हथकरघा विरासत की भव्य झलक देखी।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर दिल्ली खादी ग्रामोद्योग की ओर से द अशोक होटल में दिनभर आयोजन में हजारों सालों की कपड़ों की विरासत की झलक थी। प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों के बेहतरीन हथकरघा और खादी उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ स्वदेशी कपड़ों व परिधानों की खूबसूरती और स्थिरता से लिपटी शो वाली शाम भव्य थी। डिजाइनर राहुल मिश्रा, संजय गर्ग, गौरव शाह, रीना ढाका और विजय माथुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खादी को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्साहित होते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, हर राज्य का कपड़ा अपनी एक अलग कहानी कहता है। मैं गर्व से अलग-अलग राज्यों की हैंडलूम साड़ियां पहनती हूं और चाहती हूं कि दिल्ली की सभी बहनें इस संस्कृति को अपनाएं। उन्होंने दिल्ली वालों से अपील करते हुए कहा कि हम अपने देश के प्रति प्यार स्वदेशी कपड़ा पहनकर भी दिखा सकते हैं।

उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने डिजाइनर्स और कारीगरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य हथकरघा को हर घर तक पहुंचाना है, इसे सिर्फ परंपरा से बढ़ाकर फैशन आइकन बनाना है। इसके लिए जल्द ही सभी डिजाइनर्स के खास हैंडलूम कलेक्शन लांच किए जाएंगे, ताकि इस कला को और आगे बढ़ाया जा सके।



## चौमूं में भव्य तिरंगा यात्रा : पूर्व विधायक रामलाल शर्मा रहे मुख्य अतिथि

**चौमूं (हमारा वतन)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी के नेतृत्व में गढ़ गणेश मंदिर से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा में तिरंगा यात्रा प्रदेश सह संयोजक एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित सेकड़ो की संख्या में नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारो से आसमान गूँज उठा और तिरंगा यात्रा का जगह-जगह व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

तिरंगा यात्रा गढ़ गणेश मंदिर से रवाना होकर मुख्य बस स्टैंड, बावड़ी गेट से लक्ष्मीनाथ जी चौक, सदर बाज़ार से चोपड़ पहुंची, जहाँ भारत माता की आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा प्रदेश सह संयोजक एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान का प्रतीक है और तिरंगा यात्रा देशभर में सामाजिक एकता, राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का माध्यम बन रही है।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व



**जयपुर (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिगरिया मोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । कान्हा के जन्म की भव्य तैयारियाँ की गयी।

मंदिर महंत बालक दास महाराज ने बताया कि जन्माष्टमी पर ठाकुर जी की फूल मालाओं से भव्य झांकी सजाई गई । पूरे मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया । रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर भगवान कृष्ण को रिझाया । रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद महा आरती कर उपस्थित हजारों कृष्ण भक्तों को प्रसादी वितरित की गई । इस दौरान देवथला ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि हनुमान सहाय दुसाद, मुकेश कनिनवाल, राम सहाय कनिनवाल सहित हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

वहीं कृष्ण जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए भक्तों का अपार सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं ने बखूबी व्यवस्था संभाली, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा कोई सहयोग नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने खासी नाराजगी भी जताई।

## जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार धरती में पौधा लगाकर दें: डॉक्टर सोनी



**देहरादून (हमारा वतन)।** प्रकृति के सेवक के रूप में कार्य कर रहे वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने अपना जन्मदिन को रायपुर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में पंडित मदन व रैनन की गरिमामय उपस्थिति में पूजा अर्चना कर देववृक्ष वेलपत्री का पौधा रोपण किया।

डॉ. सोनी ने कहा जीवन अनमोल है इसका कोई न कोई उद्देश्य होना चाहिए क्योंकि ईश्वर ने मनुष्य को किसी उद्देश्य से पृथ्वी में भेजा होगा क्या हम उसे पूर्ण कर रहे है। प्रकृति मानव से ये अपेक्षा करती है जो प्राकृतिक संसाधन धरती में है उनका संरक्षण हो ताकि प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग आनेवाली पीढ़ी कर सकें। प्रकृति को साक्षी मानकर में अपने हर कार्य पर पौधारोपण करता हूं आज भी मेने वहीं किया अपने जन्मदिन पर पौधा रोपण किया।

पंडित मदन ने कहा कि जन्मदिन पर पौधा लगाना भी एक पुण्य दान है जो प्रकृति को संजोने में अहम् होगा। किरन सोनी ने पति डॉ. सोनी की दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार अगर देना है तो धरती को एक पौधा लगाकर दें। अगर हम उत्तराखंडी अपने जन्मदिन पर एक पौधा भी लगाते हैं तो हमारी धरती में पर्यावरणीय संतुलन बनेगा और वर्तमान आपदा जैसे हालात उत्पन्न नहीं होंगे। सभी जन मानस से अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह पर धरती में एक एक पौधा लगाने की अपील की है।

## स्वतंत्रता दिवस पर झुग्गी कालोनी में शान से लहराया तिरंगा

**जयपुर (हमारा वतन)।** न्यू लोहामंडी रोड स्थित झुग्गी कालोनी में उत्थान सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रीको की वित्तीय सलाहकार अंजू गोयल, रोटरी क्लब रॉयल की अध्यक्ष पूनम बगड़िया, सुपर फुटवियर इंडस्ट्रीज के कैलाश चंद बोहरा, शहीद रणसिंह की माता, सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा , हेल्पिंग हैंड्स के शुभम काबरा के कर कमलों द्वारा पाठशाला प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया ।

इसके पश्चात बालक बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमें पाठशाला की दूसरी शाखा खोरा बीसल के बालक बालिकाएं भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जलंधरा ग्रुप के सुल्तानसिंह कुमावत व टीम, राजकीय शिक्षक परमानंद वर्मा, व्यवसायी हर्षवर्धन मिश्रा, तनू मिश्रा, भानु तिवारी व सचिव, हीरा लाल शर्मा, उद्योगपति रफीक खान, विजय कुलहरी, श्रीजी अन्नपूर्णा फाउंडेशन के लक्ष्मीकांत कुमावत व टीम, कर्नल जगदीश चंद्र, डॉ. तरुणा गुप्ता एवं मनु महाराज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उत्थान सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी,सचिव शिवानंद त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं सभी का स्वागत किया । समारोह के समापन से पूर्व आसपास की बस्ती में देशभक्ति के नारों से ओतप्रोत तिरंगा रैली निकाली गई । इसके पश्चात झोपड़ियों में लगाने हेतु तिरंगा ध्वज वितरित किया गया।



सर्व समाज जागृति संघ अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा द्वारा सामाजिक क्षेत्र में की गई मानवीय सेवाओं एवं पूज्य गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने का प्रयास करने के लिए अपना अमूल्य योगदान करने पर संस्था के अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी एवं सचिव शिवानंद त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गोवर्धन सैनी, कैप्टन सहीराम मुंड, रमेश चंद्र शर्मा, राकेश माटोलिया, कैप्टन उमेश कुमार शर्मा, सुबेदार इंद्रेश दुबे, श्यामसुंदर मूंदड़ा, रवि मूंदड़ा ने अपनी प्रमुख भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में उत्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारी, सदस्य, अनेक पूर्व सैनिक अधिकारी, योग कक्षाओं के योगनिष्ठ कार्यकर्ता, बालक बालिकाओं के अभिभावक गण, विभिन्न नागरिक और मातृशक्ति उपस्थित रही ।

# जन सेवक रविकांत शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न स्कूलों में की शिरकत,बच्चों को दिए उपहार



**चौमूं (हमारा वतन)।** पूरे देश में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चौमूं तहसील के ग्राम फतेहपुरा बांसा में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। फतेहपुरा बांसा निवासी जनसेवक रविकांत शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न स्कूलों में शिरकत कर बच्चों को उपहार भेंट कर उत्साहवर्धन किया।

जनसेवक रविकांत शर्मा सर्वप्रथम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तेजाजी की ढाणी में पहुंचे और झंडारोहण किया इसके बाद बच्चों को पेन, पेंसिल, कॉपियां प्रदान की। इसके पश्चात पीआर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में झंडारोहण कर बच्चों को मिठाई वितरित की । वहीं महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बांसा में शिरकत कर बोर्ड कक्षाओं में टॉप करने वाले बच्चों को नगद पुरस्कार दिए और शिक्षकों को कलम देकर सम्मानित किया ।

जनसेवक रविकांत शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यह आजादी ऐसे ही नहीं मिली है, हमारे देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान की वजह से आज हम आजाद हैं। हमें उनको हमेशा याद रखना चाहिए और दिल से धन्यवाद देना चाहिए।

सभी स्कूलों में विद्यालय परिवार द्वारा जनसेवक शर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत सत्कार किया और आभार ज्ञापित किया।



# महर्षि व्यास सेवा समिति ने तिरंगा रैली का किया आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** महर्षि व्यास सेवा समिति द्वारा घर-घर तिरंगा के तहत मानसरोवर के सेक्टर 8 में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं एवं बच्चों द्वारा बड़े जोश मैं नारे लगाते हुए सेक्टर को गुंजायमान कर दिया।

यह सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्था की चेयरपर्सन मीना व्यास के निर्देशन में हुआ। इस दौरान डॉ. रचना सारस्वत , पूनम ,ऊषा ,उर्मिला, ध्रुव, गर्विक आदि ने भाग लिया।



# समाजवादी पार्टी युवजन सभा राजस्थान में हुआ झंडारोहण

**जयपुर (हमारा वतन)।** समाजवादी पार्टी युवजन सभा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष तेजराज यादव शाहपुरा ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पार्टी कार्यालय युवजन सभा राजस्थान पर ध्वजारोहण किया ।

प्रदेश अध्यक्ष तेजराज यादव ने बताया कि जय हिंद के नारे लगाते हुए एकता व भाईचारे का संदेश दिया।

इस दौरान विनोद यादव महासचिव, प्रदीप धानका , हेमेंद्र गर्ग, आफताब अल्पसंख्यक सभा प्रदेश अध्यक्ष, सुभाष झारवाल जयपुर शहर अध्यक्ष, ओरित सामंत जयपुर शहर अध्यक्ष युवजन, तेजपाल गोठवाल जिला उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहे ।

# राजस्थान खादी संघ खादीबाग में मनाया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी संघ खादीबाग चौमूं में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। झंडारोहण संघ के अध्यक्ष ललित कुमार सैनी ने किया। राष्ट्रगान के बाद सभी को मिठाई वितरित की गयी।

अध्यक्ष ललित कुमार सैनी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के बाद हमें आजादी मिली है।

हमें इसका सम्मान करना चाहिए। वर्तमान में हमारे देश की सेनाएं देश की रक्षा में हमेशा तत्पर रहती हैं । हम आज उन सभी शहीदों को नमन करते हैं।



इस दौरान संघ के अकाउंटेंट सियाराम शर्मा, संचालक मंडल के सदस्य मनोहर लाल मीणा , रामलाल चौधरी, व्यवस्थापक राजेंद्र कुमार, विष्णु शर्मा ,महादेव गुलिया, कार्यकर्ता महेश कुमार शर्मा, महेश कुमार व्यास,मदन कुमावत, प्रकाश सैनी ,शैलेंद्र कुमार मिश्रा, राधा मोहन गुप्ता, सुरेश कुमार शर्मा, मन्नालाल जाट, चंद्र प्रकाश, अर्जुन,भादर खान, गौरव , रोहित,समीर,सुजल,प्रियांशी,यशु आदि लोग उपस्थित रहे।

# पंडित रविंद्र आचार्य राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से हुए सम्मानित




**जयपुर (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य फेस रीडिंग से लोगों का भविष्य बताते हैं । इसमें गोल्ड मेडल और गिनीज बुक में वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज कराया है। आज एसएम फाउंडेशन और अंतरिक्ष ज्ञान सेंटर के फाउंडर डॉ. कमल शर्मा ने पंडित रविंद्र आचार्य को विशेष अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया ।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में सेवानिवृत एआइजी कर्नाटक पुलिस अरविंद कुमार गट्टी, सेवानिवृत्त कर्नल पी.के आर महर्षि एवं राजस्थान विश्वविद्यालय, शिक्षा संकाय की डीन प्रोफेसर डॉ. यदु शर्मा उपस्थित रहे।

### देवनानी ने की रेलवे के अधिकारियों से चर्चा

# जल्द शुरू होगा पुष्कर-मेड़ता रेल लाइन का कार्यः विधानसभा अध्यक्ष

जयपुर(नि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर जिले में रेलवे से संबंधित विकास योजनाओं पर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अजमेर शहर के विकास को नया आयाम देने वाली विभिन्न योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, जिला प्रशासन और रेलवे के साथ समन्वय कर इन योजनाओं को गति दी जाएगी।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर सर्किट हाउस में रेलवे के अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा सहित वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में उपस्थित रहे। देवनानी ने रेलवे के अधिकारियों से कहा कि पुष्कर-मेड़ता रेललाइन का काम जल्द पूरा हो। यह लाइन अजमेर से बीकानेर की कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण है, इसे जल्द पूरा किया जाए। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन, पुष्कर व रियांबड़ी उपखण्ड स्तर पर सर्वे, मुआवजा का काम चल रहा है। यह काम होते ही लाइन का काम शुरू हो जाएगा। देवनानी ने रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यकरण एवं विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की घोषणा के अनुरूप स्टेशन के सौन्दर्यकरण एवं अन्य काम जल्द पूरे हों। अधिकारियों ने बताया कि मार्टिण्डल ब्रिज से आगे रेलवे अस्पताल की तरफ रेल लाइनों का विस्तार, स्टेशन की इमारत का विस्तार, नए फुट ओवर ब्रिज और वेटिंग एरिया आदि का पर तेजी से काम चल रहा है।

## आसान नहीं था (कविता)

चले थे मुल्क की सैर को
सफर आसान नहीं था
वतन पूरा अपना था मगर अपना
मकां नहीं था
बारिश का मौसम फसलें लहलहा रही थी
खेत अपना था मगर अपना धान नहीं था
हम माली थे बाग के बीज बोया पेड़ लगाया
श्रम तो अपना था मगर अपना
बागबां नहीं था
भला है दुश्मन भी मेरा पूछने आया है
अपना तो रूकना यहाँ आसान नहीं था
खण्डहर की नींव देखकर आंख
से एक बूंद गिर गई
हवेली रसूखदारों की अब
अपना कोई सामान नहीं था



**विनोद शर्मा वेणु,**
नेछवा, सीकर

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. भारतीय रेलवे, पद पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 434, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
2. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एसोसिएट क्लर्क, पद संख्या 5180, अंतिम तिथि 26 अगस्त 2025
3. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ), पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 3586 अंतिम तिथि 24 अगस्त 2025
4. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट एग्रीकल्चर इंजीनियर, पद संख्या 281, अंतिम तिथि 26 अगस्त 2025
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सब इंस्पेक्टर/प्लाटून कमांडर, पद संख्या 1015, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद स्कूल लेक्चरर, पद संख्या 3225, अंतिम तिथि 12 सितंबर 2025
7. यूपी पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 4543, अंतिम तिथि 11 सितंबर 2025
8. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) पद हेड कांस्टेबल रेडियो ऑपरेटर/रेडियो मैकेनिक, पद संख्या 1121, अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025

## मातृभूमि की अमर गाथा (कविता)

यह कहानी है उस भूमि की,
जिसकी धूल भी
चन्दन कहलाती है
जहाँ की सौंधी मिट्टी भी
बलिदानों की महक लुटाती है
ये वो भारत है
जहाँ सिंधु की लहरों ने
सभ्यता को जन्म दिया,
जहाँ गंगा ने अपनी धार से
आशीर्वाद बहाया,
जहाँ हिमालय की चोटियों
ने आकाश से कहा
युगों तक अडिग रहूँगा,
इस वतन की रक्षा करूँगा!
यह वही धरती है,
जहाँ पर शिवाजी ने
स्वराज का बिगुल बजाया,
जहाँ महाराणा प्रताप ने
भूख सहकर भी
मातृभूमि का मान बचाया।
जहाँ रानी लक्ष्मीबाई ने
तलवार थामी,और कहा–
मैं अपनी झाँसी नहीं दूँगी!
वीरों ने लाठियाँ खाईं,
फाँसी के फंदे को भी स्वीकारा
पर गुलामी की
जंजीरों को तोड़ दिया।
भगत सिंह ने
हँसते-हँसते प्राण लुटाए,
चन्द्रशेखर आज़ाद ने दिया बलिदान
और कहा–
मैं आज़ाद था आज़ाद रहूँगा!
गाँधी की अहिंसा,
सुभाष का दिल्ली चलो,
नेहरू के सपनों का भारत,
पटेल की एकता की चाह
इनसे ही तो बनी हमारी
आज़ादी की राह।
आज हमारे खेत अनाज से लहराते हैं,
हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में
झंडा गाड़ आते हैं,
हमारी फौज बर्फ़ और
रेगिस्तान दोनों में,
सीना ताने पहरा देती है।
पर ये आज़ादी
सिर्फ़ अतीत की देन नहीं,
ये हर उस सिपाही का वरदान है
जो आज भी सीमा पर खड़ा है,
ठंडी हवाओं और गोलियों के बीच
एक ही प्रार्थना करता है–
हे मातृभूमि, तू सुरक्षित रह।
आओ, हम भी प्रतिज्ञा लें–
कि इस वतन की लाज रखेंगे,
ना कोई भूखा सोएगा,
ना कोई अशिक्षित रहेगा,
ना कोई आंसू व्यर्थ बहेंगे।
ये सिर्फ़ एक देश नहीं,
ये हमारी आत्मा है,
हमारा स्वाभिमान है,
हमारी साँसों में बसा ईमान है
यानी की एक मुकम्मल हिंदुस्तान है।



डॉ.योगिता जोशी

### सेंट्रलाइज सिस्टम से मेरिट के आधार पर होंगे वेटरीनरी कॉलेजों में प्रवेश

# प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी या कोताही बर्दाश्त नहीं: मंत्री जोराराम कुमावत



जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान के समस्त वेटरीनरी कॉलेजों में इस बार सेंट्रलाइज काउंसलिंग के जरिए ही प्रवेश लिए जाएंगे। इस संबंध में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। मंत्री कुमावत ने बताया कि वेटरीनरी कॉलेजों में प्रवेश को लेकर किसी भी तरह की अनियमितता की शिकायत न आए इसके लिए नई एसओपी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि वेटरीनरी कॉलेजों में सत्र-2025-26 के लिए बी.वी. एससी एंड ए.एच., एम.वी. एससी तथा पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए इस बार नई एसओपी के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित किए जाएंगे। इसके तहत नीट अथवा आरपीवीटी क्वालिफाइड छात्रों को ही प्रवेश दिया जाएगा। निश्चित कट ऑफ के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एसओपी की पालना के लिए बीकानेर और जोबनेर पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य अधिकारियों की एक सात सदस्यीय सेंट्रल एडमिशन काउंसलिंग कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट वेटरीनरी कॉलेजों में उक्त पाठयक्रमों में पारदर्शी तरीके से प्रवेश की प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी।

यह कमेटी प्रदेश में नए सत्र के लिए करीब 1200 सीटों के लिए काउंसलिंग करवाएगी। कुमावत ने बताया कि इस बार काउंसलिंग के सभी चरण ऑनलाइन होंगे। इसके बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं तो मॉप अप राउंड के जरिए प्रवेश लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि हर बार काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार वेटरीनरी कॉलेजों में जीरो टॉलरेंस फॉर करप्शन की नीति अपनाते हुए प्रवेश सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वेटरीनरी साइंस में गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिए अति आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## (कविता) कृष्ण जन्माष्टमी

कंस के अत्याचारों से परेशान हो कर कुदरत ने ऐलान किया।
भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी कृष्ण को अवतरित किया।
भविष्यवाणी के द्वारा कंस को समझाया गया।
की देवकी का आठवां पुत्र तेरा काल बनेगा बताया गया।
तभी से देवकी को कंस ने कारागृह में बंद किया।
एक-एक करके संतानों को उसकी मारना शुरू किया।
संयोग हुआ कि कृष्ण के पैदा होते ही सबको नींद आ गई ।
एक-एक करके दरवाजे खिड़कियां सब खुल गई।
वासुदेव कृष्ण को मित्र नंद के घर छोड़ आए।
लेकर के लड़की नंद बाबा की तत्काल लौट आए।
मारकर के आठवीं संतान कंस ने अटठाहास किया।
तत्काल आकाशवाणी ने बताया कि काल तेरा नंद गांव गया।
दूध पूतना का ऐसा पिया की पूतना के प्राण उड़ गए।
जो भी थे राक्षस एक-एक करके निपटाते गए।
कालिया नाग के आतंक से गोकुल को मुक्त किया।
सखा ग्वाल बाल संग मिलकर चोरी माखन की किया।
वृंदावन की गलियों में सखियों संग महारास किया।
मां यशोदा की लोरी सुनकर तीनों लोक आबाद किया।



**कृष्णा धनवाड़िया रावत,जयपुर**

## कैसे वतन का क़र्ज़ चुकाऊं मैं (कविता)

इस जीवन की बस
ख्वाहिश इतनी,
देश के किसी काम तो आऊं मैं।
तन-मन-धन अर्पण कर सारा,
कैसे वतन का क़र्ज़ चुकाऊं मैं ॥

शिक्षा का दीप प्रज्वलित कर दूं,
ज्ञान-विज्ञान का हो विस्तार।
कर्तव्य पथ पर दृढ़ रहूं सदा,
त्यागूं न सत्य का सुकुमार।

आत्मनिर्भर बन प्रगति पथ पर,
हर बाधा को मैं ललकारूं।
विश्व पटल पर लहराऊं परचम,
मातृभूमि का मान बढ़ाऊं।

निर्भय होकर, निःसंकोच भाव से,
सेवा-समर्पण में जुट जाऊं मैं।
तन-मन-धन अर्पण कर सारा,
कैसे वतन का क़र्ज़ चुकाऊं मैं ॥

संकट के बादल जब मंडराएं,
सीना तान खड़ा हो जाऊं।
देशद्रोही को उचित सबक,
लोहे-से हौसले से सिखलाऊं।
जोश-जुनून और अदम्य साहस,

हर रणभूमि में मैं दिखलाऊं।
तेज-तर्रार पराक्रम हुंकार से,
शत्रु का दिल दहलाऊं।
याद करूं वीरों की शहादत,
मां भारती को शीश झुकाऊं।
आने वाली हर पीढ़ी को भी,
बलिदान की गाथा सुनाऊं मैं।
तन-मन-धन अर्पण कर सारा,
कैसे वतन का क़र्ज़ चुकाऊं मैं ॥


कभी बनूं कृषक
खेतों का रखवाला,
अन्न भंडार को मैं सजाऊं।
कभी बनूं सीमा का प्रहरी,

रात्रि अंधेरों में भी न थक पाऊं।
कभी बनूं शिक्षक पीढ़ी-पीढ़ी का,
अंधियारे में दीप जलाऊं।
कभी बनूं वैद्य, रोगी की सेवा,

दर्द और पीड़ा मिटाऊं।
हर रूप में, हर कर्म में रहूं,
मां भारती को अपना मानूं मैं।
तन-मन-धन अर्पण कर सारा,
कैसे वतन का क़र्ज़ चुकाऊं मैं ॥



**महेन्द्र सिंह कटारिया,**
**नीमकाथाना, राजस्थान**

टिकिट

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# महान योद्धा दूरदर्शी शासक थे संसार चंद

हमारे देश के महान, यशस्वी शासकों में महाराजा संसार चंद का नाम भी आता है। महाराजा संसार चंद का जन्म 09 अगस्त 1765 को कांगड़ा के गांव बीजापुर हुआ था। इस बार उनकी जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। महाराजा संसार चंद महाराजा टेक चंद के बड़े बेटे थे। महाराजा टेक चंद का स्वर्गवास होने पर महाराजा संसार चंद सन् 1775 में राजगद्दी पर बैठे। उस समय उनकी उम्र मात्र 10 साल की थी। कांगड़ा


राम गोपाल सैनी

किला उस समय मुगल शासक गवर्नर सैफ अली खान कायमखानी के अधीन था। राजगद्दी पर बैठते ही महाराजा संसार चंद की महत्वाकांक्षा थी कि पहले अपने पूर्वजों की संपत्ति और प्रतिष्ठा को प्राप्त किया जाए। इसलिए रात-दिन पूरी तरह से इसकी तैयारी में जुट गए। उन्होंने धीरे-धीरे आसपास के क्षेत्र पर अधिकार जमा कर अपनी सैन्य शक्ति को मजबूत किया। महाराजा संसार चंद ने सेना इकठ्ठी की और लंबे समय के संघर्षों के बाद सन् 1786 में कांगड़ा किले को मुगलों से जीत कर अपने काबू में कर लिया, जो उनकी बहुत बड़ी उपलब्धियों में एक मानी जाती है। किला कांगड़ा राज्य का प्रतीक था। मुगल शासक जहांगीर दिल्ली में राजगद्दी पर बैठते ही सन् 1615-1620 तक कांगड़ा किले को जीतने के लिए लगातार आक्रमण करता रहा था। जहांगीर ने नजदीकी पहाड़ी इलाकों के राजाओं से मदद लेकर सन् 1620 में कांगड़ा किला जीत लिया था। महाराजा संसार चंद ने 154 साल के बाद मुगलों से कांगड़ा किले को आजाद करवाने की सफलता से कांगड़ा रियासत फिर से एक शक्तिशाली और सांस्कृतिक रूप में समृद्ध राज्य बनाया था। उनका शासनकाल स्वर्ण युग कहा जाता है। मराठों, सिखों और कटोच राजपूतों के हमलों से मुगल सत्ता का पतन करने में बहुत बड़ा योगदान मिला। उस समय पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह, जिन्हें शेरे पंजाब भी कहा जाता था, और नेपाल का शासक अमर सिंह थापा तथा महाराजा संसार चंद शक्तिशाली राजाओं में आते थे। इतिहासकारों के मुताबिक अंग्रेजों की ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के उद्देश्य से सन् 1608 में भारत में आगमन किया था, लेकिन सन् 1757 में प्लासी और सन् 1764 में बक्सर की लड़ाई के पश्चात भारत के कई हिस्सों में प्रशासनिक अधिकार प्राप्त कर लिए थे, जहां कंपनी के नाम पर अंग्रेज अधिकारी भारत पर नियंत्रण करने लगे थे। अंग्रेज भारत की अन्य सभी रियासतों की भी सभी प्रकार की जानकारी इकट्ठा करने के लिए अपने गुप्तचर लेखक भेज कर हासिल करने में लगे थे। उस समय महाराजा संसार चंद के पास अंग्रेजों के बड़े लेखक मूरक्राफ्ट पहुंचे थे। महाराजा संसार चंद बहुत ही दूरदर्शी थे और अंग्रेजों की इस गुप्त साजिश को समझ चुके थे। इसलिए महाराजा संसार चंद ने सभी पहाड़ी रियासतों को इकट्ठा कर हिमाचल प्रदेश को मजबूत करना चाहा। जैसे पहले राजा, महाराजा, सम्राट, चक्रवर्ती सम्राट होते थे। लेकिन पहाड़ की छोटी-छोटी रियासतों के राजाओं को ऐसा बिल्कुल स्वीकार नहीं था, क्योंकि वे किसी को भी अपने ऊपर महाराजा मानना-स्वीकार नहीं करना चाहते थे। इसी कारण महाराजा संसार चंद ने उनसे युद्ध की रणनीति की कठोर नीति अपनाई। उस समय पहाड़ी राजाओं ने नेपाल के शक्तिशाली शासक अमर सिंह थापा से समझौता किया और सभी ने गठबंधन सेनाओं के साथ महाराजा संसार चंद पर हमला कर दिया। महाराजा संसार चंद हारना नहीं चाहते थे, इसलिए महाराजा रणजीत सिंह से मदद लेने को मजबूर होना पड़ा।

## जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन

# स्वदेशी अपनाकर देश की प्रगति में बनें सक्रिय भागीदार- भजनलाल शर्मा




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, खुशहाल और समृद्ध बना है, यहां हर व्यक्ति के पास तरक्की के भरपूर अवसर हैं। उनके नेतृत्व में आज भारत की न केवल दुनिया में साख बढ़ी है बल्कि विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। अब देश आत्मनिर्भरता की एक नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। राज्य सरकार विकास और सुशासन के संकल्प पर कार्य करते हुए समृद्ध और विकसित राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

शर्मा जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी और स्वाधीनता के लिए जीवन भर पीड़ाएं-यातनाएं झेलने वाले ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों को नमन किया। उन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व पर बहादुर जवानों को स्मरण करते हुए कहा कि वे देश की सीमाओं पर दिन-रात मुस्तैदी के साथ डटे हुए हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपनी अमूल्य सेवाएं देने वाले सभी पुलिसकर्मियों और नागरिक संगठनों व समाजसेवी संस्थाओं को भी धन्यवाद दिया।

शर्मा ने कहा कि हम प्रदेश के वंचित और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों को गरीबी से बाहर लाया जा रहा है। युवाओं के लिए हमने 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी और निजी क्षेत्र में 6 लाख नौकरियां सृजित करने का संकल्प लिया है। 75 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं। 1 लाख 68 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। 3 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है।

उन्होंने कहा कि हम जरूरतमंद महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 25 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज, लखपति दीदी के तहत 14 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण देकर 7 लाख 80 हजार लखपति दीदी एवं मा वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी, लाडो प्रोत्साहन योजना में 2 लाख 30 हजार बालिकाओं को डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड जैसी योजनाओं से आमजन को राहत दे रहे हैं।

**'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' के साथ अब जय अनुसंधान भी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बीते 11 वर्ष में ऐतिहासिक निर्णय एवं कार्य किए हैं। स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के सपने पूरे हो रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत 140 करोड़ भारतीयों का सपना, दृढ़ निश्चय और एक जन आंदोलन है। इस सपने को साकार करने में सभी सक्रिय रूप से देश की प्रगति में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' से प्रेरणा लेते हुए हमें स्वदेशी उत्पादों को गर्व के साथ अपनाना है। 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' में अब जय अनुसंधान जोड़ने की आवश्यकता है। खादी का धागा आजादी की लड़ाई में हमारी ताकत बना था, और आज वही धागा हमें विकसित भारत के सपने को साकार करने की प्रेरणा देता है।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

### वीसी के माध्यम से बैठक

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की डॉ. किरोडी लाल की सराहना

जयपुर(नि.सं.)। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ यूरीया की उपलब्धता, विकसित कृषि संकल्प अभियान रबी, प्राकृतिक खेती मिशन, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और राष्ट्रीय खाद्यय तेल-तिलहन मिशन के तहत वीडियो कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा द्वारा आदान विनिर्माताओं, विक्रेताओं, जमाखोर एवं मिलावट करने वालों के खिलाफ गुणनियंत्रण अभियान चलाकर जो कार्यवाही की उसके लिए बधाई दी। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री का कहना है कि केंद्र सरकार कृषकों एवं पशुपालकों के हितों के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। किसानों के हितों के साथ किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जायेगा। कृषक कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 व 16 सितंबर को केंद्र सरकार द्वारा रबी कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रबी फसल की बुआई की रूप रेखा तैयार की जायेगी। इस कांफ्रेस में सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों को भी आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि रबी फसलों के लिए खाद का आंकलन कर उर्वरकों की डिमांड समय पर केंद्र सरकार को भिजवाई जाये।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।